सत्यमेव जयते

# मणिपुर सरकार

# GOVERNMENT OF MANIPUR

## बजट

## BUDGET

## 2025-26

## निर्मला सीतारामन

## वित्त मंत्री, भारत सरकार

## का भाषण

## SPEECH OF

## NIRMALA SITHARAMAN

## MINISTER OF FINANCE

## GOVERNMENT OF INDIA

**अगस्त /August , 2025**

माननीय अध्यक्ष महोदय,

मैं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मणिपुर राज्य का बजट सदन के समक्षरखती हूँ।

2. संविधान के अनुच्छेद 356 के अंतर्गत जारी उद्घोषणा के परिणामस्वरूप मणिपुर राज्य विधानमंडल की शक्तियाँ संसद या उसके प्राधिकार के अधीन हैं। अतः, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मणिपुर राज्य का बजट इस गरिमामय सदन के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

3. इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम छह महीनों के लिए लेखानुदान इस सदन द्वारा मार्च में पारित किया गया था। अब, इस वर्ष का पूर्ण बजट इस सदन के विचार एवं पारित करने हेतु प्रस्तुत है।

4. इस बजट में भारत सरकार मणिपुर को आर्थिक सुधार में सहायता के लिए 2198 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज प्रदान कर रही है। इसमें आंतरिक रूप से विस्थापित उन लोगों के लिए सहायता, पुनर्वास प्रयासों के लिए परिसंपत्ति निर्माण, सुरक्षा व्यय और उच्च ब्याज वाले ऋणों का पूर्व भुगतान शामिल है। इसके अलावा, राज्य में पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने हेतु पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के अंतर्गत 700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन प्रदान किया गया है। 2898 करोड़ रुपये का कुल विशेष अनुदान मणिपुर को आर्थिक सुधार की दिशा में काम करने में बड़ी सहायता प्रदान करेगा।

**बजट अनुमान 2025-26**

5. माननीय अध्यक्ष महोदय, अब मैं वर्ष 2025-26 के बजट अनुमानों पर चर्चा करना चाहूँगी।

6. कुल प्राप्तियाँ 30,276 करोड़ रुपये अनुमानित हैं। राजस्व प्राप्तियाँ 21,439 करोड़ रुपये और पूंजीगत प्राप्तियाँ 8,837 करोड़ रुपये अनुमानित हैं। राज्य की अपनी कर और गैर-कर प्राप्तियों का कुल अनुमान क्रमशः 1,901 करोड़ रुपये और 302 करोड़ रुपये है।

7. वर्ष 2025-26 के लिए, मैं राज्य की समेकित निधि में से कुल 29,988 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित कर रही हूँ। कुल राजस्व व्यय 19,496 करोड़ रुपये अनुमानित है। पूंजीगत परिव्यय 4,040 करोड़ रुपये अनुमानित है।

8. मैं तथाकथित वर्ष के दौरान संभावित राजकोषीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए सारांश प्रस्तुत करना चाहुँगी। राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 3.49% अनुमानित है। 2025-26 के दौरान, जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में कुल बकाया ऋण 37% अनुमानित है।

9. अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही मैं इस गरिमामय सदन के समक्ष मणिपुर राज्य का 2025-26 का बजट प्रस्तुत करती हूँ।

जय हिंद।

Hon’ble Speaker Sir,

I lay on the table of the House the Budget of the State of Manipur for the financial year 2025-26.

2. Consequent to the Proclamation issued under Article 356 of the Constitution, the powers of the Legislature of the State of Manipur are exercisable by or under the authority of Parliament. The Budget of the State of Manipur for the financial year 2025-26 is, therefore, being placed before this August House.

3. Vote-on-account for the first six months of this financial year 2025-26 was passed by this House in March. Now, the full budget for this year is placed for consideration and passing by this House.

4. In this budget, the Government of India is providing a special package of Rs. 2198 crore to aid Manipur in its recovery. This includes support for those internally displaced, asset creation for rehabilitation efforts, security expenses and prepayment of high interest loans. In addition, to give a push to capital expenditure in the State, an additional allocation of Rs. 700 crore under Special Assistance to States for Capital Investment (SASCI) has been provided. The total special grant of Rs. 2898 crore will be of massive support to Manipur as it works towards economic recovery.

**Budget Estimates 2025-26**

5. Hon’ble Speaker, let me turn to the Budget Estimates for the year 2025-26.

6. The total receipts are estimated at **Rs. 30,276 crore**. The revenue receipts are estimated at **Rs. 21,439 crore** and capital receipts at **Rs. 8,837 crore**. Total estimates of State’s own tax and non-tax receipts are Rs. 1,901 crore and Rs. 302 crore respectively.

7. For the year 2025-26, I am proposing a total expenditure of **Rs. 29,988 crore** out of the Consolidated Fund of the State. Total Revenue Expenditure is estimated at **Rs. 19,496 crore**. Capital outlay is estimated at **Rs. 4,040 crore**.

8. Let me sum up by highlighting the likely fiscal position during the year. Fiscal deficit is estimated at **3.49 %** of the GSDP. During 2025-26, the total outstanding debt as a percentage of GSDP is projected at **37 %**.

9. Mr. Speaker Sir, with this, I commend the Budget of the State of Manipur for 2025-26 to this August House.

Jai Hind.

*****